तापमान
अधिकतम 30.8°C
न्यूनतम 21.0°C

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे
- संयुक्त आयुक्त की अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे
- पुरानी आईटीआई मैदान में रामलीला का मंचन रात 9 बजे

पुराने काम अधूरे, नए एजेंडों पर भी सवाल; हाउस मीटिंग में हंगामे के आसार

22 को गूंजेंगे सड़क, सीवर और पानी के मुद्दे, अधिकारियों की जवाबदेही पर भी उठेंगे सवाल, लंबित कार्यों से नाराज पार्षद ने प्रस्ताव भेजने से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम की हाउस मीटिंग में इस बार विकास कार्यों के प्रस्तावों के साथ पुराने कामों का हिसाब भी मांगा जाएगा। शहर की टूटी गलियों, जर्जर सड़कों, पुरानी सीवर और पेयजल लाइनों तथा अधूरे पड़े विकास कार्यों को लेकर 22 अक्टूबर को होने वाली हाउस मीटिंग हंगामेदार रहने के आसार हैं।

मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने सभी 22 वार्डों के पार्षदों से अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों से संबंधित एजेंडे मांगे थे। इसके लिए 14 अक्टूबर तक का समय दिया गया था। अधिकतर पार्षदों ने अपने प्रस्ताव मेयर कार्यालय में भिजवा दिए हैं, लेकिन कुछ पार्षद पुराने एजेंडों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज हैं। उनका तर्क है कि जब पहले स्वीकृत कार्य ही पूरे नहीं हो रहे तो नए प्रस्ताव भेजने का क्या औचित्य है। हाउस मीटिंग में इस बार सड़क, सीवर, पेयजल, सामुदायिक केंद्र और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठ सकते हैं। कई वार्डों में वर्षों पुरानी गलियों और पाइप लाइनों को बदलने की मांग की गई है। वहीं, कुछ पार्षदों ने लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने की मांग उठाई है। ऐसे में बैठक के दौरान विकास कार्यों की प्रगति और अधिकारियों की जवाबदेही को लेकर चर्चा गर्माने की संभावना है।

कहीं पुरानी गलियां तो कहीं पेयजल संकट



वार्ड छह की पार्षद नीरा भटनागर ने राधे राधे पार्क में लंबे समय से लंबित विकास कार्यों का मुद्दा उठाया है। उन्होंने बताया कि पार्क में करीब 25 लाख रुपये के कार्य करवाने के आदेश दिए गए थे, लेकिन अभी तक काम पूरे नहीं हुए हैं। इन कार्यों को पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा। डेरावाल से माता दरवाजा और सब्जी मंडी तक तारकोल की सड़क बनवाने की मांग भी रखी गई है। शौचालयों की मरम्मत के वर्क ऑर्डर जारी होने के बावजूद काम शुरू नहीं होने का मुद्दा उठाया जाएगा। किला रोड के दोनों तरफ स्वागत द्वार बनवाने का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। सड़क और सीवर लाइन से जुड़े अन्य कार्यों को भी एजेंडे में शामिल किया है।



कच्चे मार्ग पक्के करवाएंगे

वार्ड पांच के पार्षद सुरेशचंद्र ने पेयजल संकट और सामुदायिक केंद्र की कमी को प्रमुखता से उठाया है। वार्ड में कई स्थानों पर नई पाइप लाइन बिछाने की जरूरत है। बड़ी आबादी के लिए सामुदायिक केंद्र उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा कच्चे रास्तों को पक्का करवाने की मांग भी की गई है। बारिश में लोगों को काफी परेशानी आती है।

वार्ड 8 में समस्याओं की लंबी सूची



वार्ड आठ से पार्षद अंजू सैनी द्वारा भेजे गए एजेंडे में सैनीपुरा में पुरानी पेयजल और सीवर लाइनों को बदलने के साथ नई गलियां बनवाने तथा गंदे पानी की समस्या का समाधान करने की मांग की गई है। प्रेम नगर में मुख्य सड़क को छोड़कर अन्य गलियों की मरम्मत और पाइप लाइन बदलने का प्रस्ताव रखा गया है। बाल भवन के पास आनंदपुरा और सेंट्रल लाइब्रेरी के आसपास की गलियों को दोबारा बनवाने की मांग है। सुखपुरा में उत्तम विहार की तरफ जाने वाली चार गलियों, कृपाल नगर की गली नंबर चार और राजेंद्र नगर में नवीन मेगा मार्ट के पास की गलियों का निर्माण करवाने की मांग की गई है। लाढोत रोड पर टूटी गलियों और सीवर के क्षतिग्रस्त ढक्कनों को बदलने का प्रस्ताव भी शामिल है। महात्मा ज्योतिबा फुले सामुदायिक केंद्र में मुख्य द्वार, चारदीवारी, व्यायाम उपकरण और अतिरिक्त कमरों के निर्माण की मांग भी दोहराई गई है।

पहले पुराने काम पूरे हों, फिर नए एजेंडे भेजेंगे



वार्ड 19 के पार्षद विजय कुमार गोयल ने नए एजेंडे नहीं भेजे हैं। उन्होंने कहा कि पहले भेजे गए प्रस्तावों पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। तत्कालीन निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा के जाने के बाद विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। सड़कों की हालत खराब है और सीवर के ढक्कन गायब हैं। उनके अनुसार करीब दो करोड़ रुपये के कार्य अभी भी लंबित हैं। ऐसे में नए एजेंडे भेजने के बजाय पहले पुराने काम पूरे करवाए जाने चाहिए।

सामुदायिक केंद्र के उचित रखरखाव का है मुद्दा



वार्ड 14 की पार्षद कंचन खुराना ने नए बस अड्डे के पास बने करोड़ों की लागत से बने सामुदायिक केंद्र की खराब हालत और उसके उचित रखरखाव का मुद्दा उठाया है। दिल्ली रोड से सोनीपत रोड तक बनी सड़कों का लेवल ऊंचा करने, ग्रीन बेल्ट विकसित करने तथा बिजली, पानी और सड़क संबंधी समस्याओं का समाधान करने की मांग भी की गई है। उन्होंने आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत बताई। अब 22 अक्टूबर की बैठक में यह देखना अहम होगा कि पार्षदों की मांगों पर कितनी गंभीरता से चर्चा होती है और लंबित विकास कार्यों को पूरा करवाने के लिए क्या समयसीमा तय की जाती है।

वार्ड 10 के ये हैं प्रमुख मुद्दे



वार्ड दस की पार्षद मनीषा नांदल ने बताया कि निगम की बैठक में बोहर की खाली जमीन पर सामुदायिक केंद्र बनाने, गांव की बिजली को रोहतक फीडर से जोड़ने और निगम की तीन एकड़ जमीन पर पार्क विकसित करने की मांग की गई है। गांव के मुख्य प्रवेश मार्ग को 33 फुट चौड़ा करने, आंगनवाड़ी और पिंक फैसिलिटेशन सेंटर बनाने तथा वार्ड में स्वागत द्वार का निर्माण करवाने का प्रस्ताव रखा गया है। वहीं, गढ़ी की पुरानी पीएचसी की खाली जमीन पर मंदिर या आंगनवाड़ी बनाने, बोहर और गढ़ी बोहर में लाल डोरा के अंतर्गत स्वामित्व कार्ड से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने तथा नए जलघर के निर्माण की मांग भी उठाई गई है।

खबर संक्षेप



अवैध पिस्तौल व कारतूसों के साथ युवक गिरफ्तार

रोहतक। अपराध शाखा महम की टीम ने एक युवक को रोहतक-झज्जर रोड पर कन्हेली फ्लाईओवर के पास देशी पिस्तौल और पांच जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ शिवाजी कॉलोनी थाना में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि मुख्य सिपाही जितेंद्र के नेतृत्व में अपराध शाखा महम की टीम दिल्ली बाईपास चौक के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि कन्हेली फ्लाईओवर के नजदीक अमृत कॉलोनी निवासी एक युवक अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और संदेह के आधार पर युवक को काबू कर लिया। पुलिस के अनुसार, युवक की पहचान मोहित पुत्र राजपाल निवासी अमृत कॉलोनी, सुनारिया चौक के रूप में हुई।

घर से अंगूठी और सोने का कड़ा चोरी, केस दर्ज

सांपला। कस्बे के वार्ड नंबर 6 निवासी ऋषि कुमार की घर में रखी अंगूठी और एक सोने का कड़ा चोरी हो गया। पुलिस ने ऋषि के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि उसकी पत्नी और वह दो दिन पहले गाय को देखने प्लाट में चले गए जबकि चांदी की अंगूठी और एक सोने का कड़ा ड्रेसिंग टेबल पर रख दियाथा। वह रात को सो गए। सुबह उठकर देखा तो नहीं मिले।

नौकरी की खुशी में पार्टी दी नशे की ओवरडोज से मौत!

डाकघर में नौकरी लगा था 25 वर्षीय लोकेश, देव कॉलोनी के पीजी में मृत मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नौकरी मिलने की खुशी में दोस्तों के साथ पार्टी करने निकला झज्जर के मातनहेल का 25 वर्षीय युवक शहर की देव कॉलोनी स्थित एक निजी पीजी में मृत मिला।

बताया जा रहा है कि युवक लोकेश की डाकघर में नौकरी लगी थी और उसकी पोस्टिंग राजस्थान में हुई थी। शुरुआती जानकारी में शराब पीने के बाद तबीयत बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है, लेकिन मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। मृतक की पहचान लोकेश पुत्र जयवीर, निवासी गांव मातनहेल, उम्र 25 वर्ष के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, डाकघर में नौकरी लगने के बाद उसने दोस्तों के साथ पार्टी की थी। इसके बाद वह देव कॉलोनी स्थित एक निजी पीजी में था, जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।



युवक के पास मिली शराब की बोतल, पुलिस जांच में जुटी

पीजीआई थाना प्रभारी के अनुसार, युवक के पास से शराब की बोतल मिली है। हालांकि, केवल शराब की बोतल मिलने से यह पुष्टि नहीं होती कि उसकी मौत शराब के अत्यधिक सेवन के कारण हुई है। पुलिस फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि पार्टी के दौरान युवक ने क्या सेवन किया था और उसकी तबीयत किन परिस्थितियों में बिगड़ी।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज

पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम के बाद ही हो पाएगी। रिपोर्ट से यह स्पष्ट करने में मदद मिलेगी कि युवक की मौत शराब के सेवन, किसी अन्य पदार्थ या किसी दूसरी वजह से हुई। जांच के दौरान घटनास्थल से मिले तथ्यों और अन्य संबंधित जानकारियों को भी ध्यान में रखा जाएगा। युवक की मौत की खबर से उसके परिजनों और परिचितों में शोक का माहौल है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना की वास्तविक परिस्थितियां सामने आ सकेंगी।

कबुलपुर में कुत्तों को छुड़वाने के झगड़े में भतीजे ने डंडे से चाचा को मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गली में लड़ रहे कुत्तों को छुड़वाने की कोशिश में शुरू हुआ विवाद एक व्यक्ति की हत्या का कारण बन गया। कबुलपुर गांव में सुरेश कुत्तों को अलग करवाने के लिए आगे आया था, लेकिन इसी दौरान उसके ही परिवार के सदस्य ने कथित तौर पर उस पर डंडे से हमला कर दिया। सिर या शरीर पर लगी चोटों के कारण सुरेश बेहोश हो गया। परिजन उसे तुरंत पीजीआईएमएस लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान 13 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मामले को हत्या के रूप में दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपी मोहित को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया।

प्रारंभिक जांच के अनुसार, घटना 12 अक्टूबर की सुबह 7:30 बजे की है। कबुलपुर निवासी सुरेश अपनी गली में मौजूद था। इसी दौरान वहां दो कुत्ते आपस में लड़ रहे थे। सुरेश उन्हें छुड़वाने के लिए आगे आया। आरोप है कि इसी बात के दौरान उसके भाई के बेटे मोहित ने डंडे से उस पर हमला कर दिया।





वारदात के 24 घंटे के अंदर आरोपी गिरफ्तार

हमले में चोट लगने के बाद सुरेश बेहोश हो गया। घटना के बाद परिवार के लोग उसे उपचार के लिए पीजीआईएमएस लेकर पहुंचे।अस्पताल में सुरेश का उपचार चल रहा था, लेकिन 13 अक्टूबर को उसने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना के बाद मामला गंभीर हो गया और पुलिस ने शिकायत के आधार पर हत्या का केस दर्ज किया। इस मामले में साहिल की शिकायत पर थाना शिवाजी कॉलोनी में केस दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की जांच में जुटी हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई तेज की और आरोपी मोहित पुत्र राजेश, निवासी गांव कबुलपुर को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा। जांच के दौरान घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी विवाद के दौरान कानून अपने हाथ में न लें। मामूली कहासुनी या घरेलू विवाद को हिंसा में बदलने से रोकने के लिए संयम बरतें और किसी आपराधिक घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस का कहना है कि समय पर सूचना मिलने से उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

रेंज को मिले नए आईजी, पदोन्नति के बाद हामिद अख्तर ने संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

क्राइम कंट्रोल व पुलिसिंग की चुनौतियों पर रहेगी नजर

हरियाणा पुलिस में हुए हालिया फेरबदल के बाद रोहतक रेंज को नया पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) मिल गया है।



2008 बैच के आईपीएस अधिकारी हामिद अख्तर ने पदोन्नति के बाद रोहतक रेंज के आईजी के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उनके आने के साथ ही रेंज में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने, अपराध पर अंकुश लगाने और पुलिस की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं। रोहतक रेंज के आईजी के तौर पर हामिद अख्तर के सामने अपराध नियंत्रण और पुलिस व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने की अहम जिम्मेदारी होगी। रेंज में गंभीर अपराधों की रोकथाम, वांछित अपराधियों की धरपकड़, नशा तस्करी पर लगाम और रोहतक में चोरी, वाहन चोरी, झपटमारी, नशा तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस की रणनीति महत्वपूर्ण रहेगी। सीसीटीवी कैमरों से मिलने वाले सुराग, तकनीकी जांच, गश्त और अपराध संभावित क्षेत्रों में निगरानी को और प्रभावी बनाने से अपराधों की रोकथाम में मदद मिल सकती है। आईजी स्तर पर पुलिस अधिकारियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा, लंबित मामलों की जांच में तेजी और शिकायतकर्ताओं को समय पर न्याय दिलाने की दिशा में उठाए जाने वाले कदम भी महत्वपूर्ण होंगे। अब देखना होगा कि नए आईजी के नेतृत्व में रोहतक रेंज की पुलिसिंग को किस तरह नई दिशा मिलती है और अपराध नियंत्रण के मोर्चे पर क्या बदलाव सामने आते हैं।

अपराधियों के नेटवर्क को तोड़ना पुलिस के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां हैं। इसके साथ ही आमजन की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई और पुलिस के प्रति लोगों का भरोसा मजबूत करना भी प्राथमिकता के विषय रहेंगे।

7.021 ग्राम हेरोइन के साथ महिला गिरफ्तार

रोहतक। नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल (एएनसी) की टीम ने कलानौर क्षेत्र से एक महिला को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, महिला के कब्जे से 7 ग्राम 21 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई है। आरोपी महिला की पहचान गिना पुत्री सज्जन निवासी मोखरा, हाल साहसी बस्ती कलानौर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक राजेश के नेतृत्व में एएनसी की टीम कलानौर में मोखरा मोड़ के नजदीक गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि एक महिला कथित तौर पर नशीले पदार्थ बेचने का काम करती है। सूचना मिलने के बाद टीम ने तुरंत कार्रवाई की और संदेह के आधार पर महिला को काबू कर लिया। महिला के खिलाफ थाना कलानौर में केस दर्ज करके किया गया।

स्कॉर्पियो की टक्कर से खाई में गिरी ट्रैक्टर-ट्रॉली, किसान के बेटे की मौत

जलेबी चौक से आगे आउटर बाइपास पर हादसा, ट्रैक्टर पर सवार पिता जा गिरा दूर, नीचे दब गया बेटा, भम्भेवा निवासी चालक पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ट्रैक्टर-ट्रॉली में पत्थर की सिल्ली लेकर गांव लौट रहे पिता-पुत्र का सफर जलेबी चौक से आगे आउटर बाइपास पर हुए हादसे के साथ खत्म हो गया। पीछे से तेज रफ्तार में आई स्कॉर्पियो ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे में ट्रैक्टर चला रहा 40 वर्षीय जयवीर उर्फ सोनू नीचे दब गया, जबकि उसके पिता उछलकर सड़क किनारे जा गिरे। पुलिस जयवीर को पीजीआईएमएस रोहतक के ट्रामा सेंटर लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

झज्जर जिले के गांव भम्भेवा निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 अक्टूबर की शाम वह अपने बेटे जयवीर के साथ ट्रैक्टर पर पत्थर की सिल्ली से भरी ट्रॉली लेकर रोहतक से गांव लौट रहे थे। ट्रैक्टर उनका बेटा चला रहा था, जबकि वह उसके साथ बैठे थे। शाम करीब सात बजे जब वे जलेबी चौक से आगे पहरावर मोड़ और आउटर बाईपास के बीच अतर सिंह फैमिली ढाबे के पास पहुंचे, तभी पीछे से काले रंग की स्कॉर्पियो आई। शिकायत के अनुसार, स्कॉर्पियो गांव भम्भेवा निवासी सोनू पुत्र बिजेंद्र तेज रफ्तार और लापरवाही से चला रहा था। उसने ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे सीधी टक्कर मार दी।

डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

पुलिस के अनुसार, सूचना मिलने पर टीम घटनास्थल पर पहुंची और बाद में ट्रामा सेंटर जाकर जानकारी जुटाई। वहां डॉक्टर से जयवीर की मौत संबंधी रिपोर्ट मिली। इसके बाद मृतक के परिजनों से संपर्क किया गया। ओमप्रकाश ने पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया कि स्कॉर्पियो चालक की तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हादसा हुआ, जिसमें उनके बेटे की जान चली गई। शिकायत के अधार पर शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।

बिजली खर्च में राहत मिलने की उम्मीद

मार्च तक सब्जी मंडी में 250 से ज्यादा दुकानों पर लगेंगे सोलर पैनल, ₹15 करोड़ होंगे खर्च

250 से अधिक दुकानों पर सब्सिडी योजना के तहत लगेंगे पैनल, चेयरमैन अशोक चौधरी ने दुकानदारों से मांगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सब्जी मंडी को सौर ऊर्जा से जोड़ने की दिशा में योजना तैयार की जा रही है। इसके तहत मार्च 2027 तक करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से सब्जी मंडी में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के अंतर्गत 250 से अधिक दुकानों पर सब्सिडी के माध्यम से सोलर पैनल लगवाए जाएंगे। इससे दुकानदारों को बिजली खर्च में राहत मिलने के साथ स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।



जानिए... क्या है उद्देश्य

योजना के तहत 250 से अधिक दुकानों को शामिल करने का लक्ष्य है। अब इसके क्रियान्वयन, दुकानदारों की भागीदारी और सब्सिडी से जुड़ी प्रक्रिया पर आगे की कार्रवाई महत्वपूर्ण रहेगी। मार्च 2027 तक निर्धारित लक्ष्य पूरा होने पर सब्जी मंडी में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा और ऊर्जा बचत की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हो सकेगी।

सीएम से मिलकर योजना पर किया विचार-विमर्श

इस संबंध में चेयरमैन अशोक चौधरी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर योजना को लेकर विचार-विमर्श किया। उन्होंने परियोजना को आगे बढ़ाने और निर्धारित समय सीमा में पूरा करने की संभावनाओं पर चर्चा की। योजना का मुख्य उद्देश्य सब्जी मंडी में बिजली की जरूरतों को सौर ऊर्जा के माध्यम से पूरा करने की दिशा में कदम उठाना है। सोलर पैनल लगने से दुकानदारों को परंपरागत बिजली पर निर्भरता कम करने का विकल्प मिलेगा। साथ ही, लंबे समय में बिजली बिल के खर्च में कमी आने की संभावना है। सब्सिडी योजना के तहत पैनल लगने से दुकानदारों पर शुरुआती आर्थिक बोझ भी कम हो सकता है। चेयरमैन अशोक चौधरी ने दुकानदारों से अपील की कि वे इस योजना को सफल बनाने के लिए आगे आएं और जरूरी प्रक्रिया में सहयोग करें।

किताब लेने निकली किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल कैद

रोहतक। किताब लेने के बहाने घर से निकली नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने करीब पांच साल बाद फैसला सुनाया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 साल की कैद और कुल 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। 24 नवंबर 2021 को बहुअकबरपुर थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसकी बेटी किताब लाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने रिश्तेदारों और अन्य संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की। कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी छात्रा को बहला-फुसलाकर साथ ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने छात्रा को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया। चिकित्सकीय जांच के बाद संबंधित धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। जांच पूरी होने पर अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया गया। अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए संबंधित धारा में 10 साल की कैद और 25 हजार रुपये जुर्माना लगाया। पॉक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत भी 10 साल की कैद और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न भरने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

हिसार रोड पर दो कारों की भिड़ंत राजेंद्र नगर के पवन की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

देर रात हिसार रोड पर दो कारों की टक्कर ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। हिसार की तरफ से रोहतक आ रही कार की दूसरी कार से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी गंभीर थी कि राजेंद्र नगर निवासी पवन की मौके पर ही मौत हो गई।

सड़क पर हुए इस हादसे के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक कार हिसार की ओर से रोहतक आ रही थी। इसी दौरान एक गली से दूसरी कार सड़क पर आ गई। दोनों कारों के आमने-सामने आने के कारण टक्कर हो गई। हादसे में पवन की जान चली गई।

केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और राहगीरों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने दुर्घटना से संबंधित जानकारी जुटाकर केस दर्ज कर लिया है। जांच के दौरान दुर्घटना से जुड़े तथ्यों और संबंधित लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस की जांच के बाद ही दुर्घटना की पूरी परिस्थितियां स्पष्ट हो सकेंगी।

दूध से बने मिष्ठानों का भोग लगाकर की मां चंद्रघंटा की पूजा

■ श्रद्धालुओं ने माता की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। दुर्गा भवन मंदिर में माता की चौकी में श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

नवरात्र के तीसरे दिन दुर्गा भवन मंदिर में मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना विधि-विधान से की गई। इस अवसर पर माता रानी को दूध से बने मिष्ठानों का भोग लगाया गया और श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर में सुबह से ही भक्तों का आना-जाना लगा रहा। श्रद्धालुओं ने माता की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

दुर्गा भवन मंदिर के पुजारी ज्योतिषाचार्य मनोज मिश्र ने मां चंद्रघंटा के स्वरूप और महिमा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मां चंद्रघंटा देवी दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं। इनके मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र सुशोभित है, इसलिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। देवी का यह स्वरूप शांतिदायक और कल्याणकारी माना जाता है। मान्यता है कि मां की आराधना से साधक में वीरता, निर्भयता, सौम्यता और विनम्रता जैसे गुणों का विकास होता है। मंदिर के प्रधान ओमप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में नवरात्र उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मां चंद्रघंटा की उपासना से भक्तों को मानसिक शांति मिलती है और जीवन की बाधाओं से लड़ने की शक्ति प्राप्त होती है। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया।

माता की चौकी में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

रात्रि 7:15 बजे मंदिर में माता की चौकी शुरू हुई। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भजन गायकों ने माता रानी की महिमा का गुणगान किया। भक्तों ने भजनों पर जय माता दी के जयकारे लगाए, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के समापन पर महाआरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

न्यूज डायरी

एचडी पब्लिक स्कूल के पूर्व विद्यार्थी हितेश का पीजीआईएमएस रोहतक में एमबीबीएस में दाखिला



रोहतक। बहु अकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल के पूर्व विद्यार्थी हितेश कुमार ने पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्याल में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में दाखिला प्राप्त कर परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया है। हितेश गांव अजायब निवासी साधु राम और शीला के पुत्र हैं। हितेश की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता को मेहनत, लगन, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम बताया गया। विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र सिंह फोगाट ने हितेश को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धियां विद्यालय के लिए गर्व का विषय हैं। हितेश की सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा देगी। उन्होंने विश्वास जताया कि हितेश भविष्य में एक योग्य और संवेदनशील चिकित्सक बनकर मानवता की सेवा करेंगे तथा चिकित्सा क्षेत्र में अपना योगदान देंगे।

सुनारियां के स्कूलों में प्रदर्शनी में दिखाए 1857 के ऐतिहासिक दस्तावेज

■ महारानी विक्टोरिया की 1857 की घोषणा, बहादुरगढ़ और झज्जर से जुड़े दस्तावेज तथा भूमि अधिग्रहण के रिकॉर्ड भी रखे गए

रोहतक। हरियाणा के इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी ऐतिहासिक सामग्री से विद्यार्थियों को रूबरू कराने के लिए सुनारियां गांव के राजकीय कन्या उच्च विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय प्रदर्शनी लगाई गई है। मंगलवार को शुरू हुई प्रदर्शनी में वर्ष 1808 का हरियाणा का मानचित्र, 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में रोहतक की भूमिका और शहीदों से जुड़े दस्तावेज आकर्षण का केंद्र रहे। हरियाणा अभिलेखागार विभाग के रोहतक मंडल की क्षेत्रीय शाखा की ओर से 13 और 14 अक्टूबर को आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन स्कूल इंचार्ज सुमन ने किया। विभाग के सहायक निदेशक रणवीर सिंह मान ने बताया कि इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और ग्रामीणों को हरियाणा के इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान और आजादी के संघर्ष से परिचित कराना है। प्रदर्शनी में 1857 के विद्रोह के दौरान रोहतक जिले की भूमिका, अंबाला में आगजनी की घटनाओं, फांसी दिए गए और गोली मारकर शहीद किए गए लोगों की सूचियों सहित कई महत्वपूर्ण अभिलेख प्रदर्शित किए गए। महारानी विक्टोरिया की 1857 की घोषणा, बहादुरगढ़ और झज्जर से जुड़े दस्तावेज तथा भूमि अधिग्रहण के रिकॉर्ड भी रखे गए हैं। प्रदर्शनी में राजा नाहर सिंह, झज्जर के नवाब, नवाब लाला हुकमचंद जैन, मिर्जा मुनीर बेग और राव किशन गोपाल से संबंधित ऐतिहासिक सामग्री भी शामिल है। इसके अलावा महात्मा गांधी की पलवल में गिरफ्तारी, रॉलेट एक्ट के विरोध में चौधरी टेकराम की गिरफ्तारी और स्वतंत्रता आंदोलन में आर्य समाज के योगदान से जुड़े अभिलेख प्रदर्शित किए गए। आजाद हिंद फौज और स्वतंत्रता सेनानियों पंडित नेकीराम शर्मा, बालमुकुंद गुप्त, अमर शहीद जीत सिंह भैंसवाल तथा सुनारिया के ऑनरेरी कैप्टन निहाल सिंह से संबंधित दस्तावेजों में भी विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने रुचि दिखाई। प्रदर्शनी के आयोजन में विद्यालय की प्राचार्य सुदेश सहित शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने सहयोग दिया।

पुरानी आईटीआई मैदान में रामलीला का भव्य मंचन

माता सीता ने जन्म लिया अहिल्या का हुआ उद्धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। पुरानी आईटीआई ग्राउंड में श्री रामलीला उत्सव कमेटी में आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार।

श्री रामलीला उत्सव कमेटी की ओर से पुरानी आईटीआई मैदान, सर्कुलर रोड पर आयोजित रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेले के चौथे दिन माता सीता के जन्म, अहिल्या उद्धार, जनक बाजार और गौरी पूजन की लीलाओं का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों ने सजीव अभिनय, आकर्षक वेशभूषा और प्रभावशाली संवादों से पौराणिक प्रसंगों को मंच पर जीवंत कर दिया। माता सीता के जन्म का दृश्य देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए, वहीं भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा।कार्यक्रम में भाजपा की पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल के सानिध्य में हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी, उद्योगपति राजेंद्र बंसल, विजय तायल, समाजसेवी प्रदीप जैन, अजय गोयल, विकास बंसल और कमेटी के मुख्य संरक्षक राजेश जैन सहित अनेक गणमान्य अतिथि पहुंचे। अतिथियों ने रिमोट दबाकर रामलीला का शुभारंभ किया और भगवान श्रीराम की संगीतमय महाआरती में भाग लिया। इस दौरान सभी ने श्रद्धापूर्वक आरती की। रंगबिरंगी रोशनी वाला धूमकेतु तारा भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा। माता सीता के जन्म के प्रसंग में दर्शाया गया कि मिथिला में भीषण अकाल पड़ने के कारण प्रजा परेशान थी। ऋषि-मुनियों की सलाह पर राजा जनक ने यज्ञ कराया। यज्ञ के बाद राजा जनक स्वयं हल लेकर भूमि जोतने लगे। इसी दौरान भूमि से एक कलश निकला, जिसमें सुंदर कन्या थी। राजा जनक ने कन्या को अपनी पुत्री के रूप में स्वीकार किया और हल के जिस भाग को सीत कहा जाता है।

सीता स्वयंवर का हुआ प्रसंग



श्री प्राचीन रामलीला सोसायटी में रामलीला के तीसरे दिन भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुरी पहुंचने से जुड़े प्रसंगों का मंचन किया गया। जनकपुरी में राजा जनक की ओर से आयोजित सीता स्वयंवर की तैयारियां दिखाई गईं। स्वयंवर में अनेक राजा-महाराजा भगवान शिव के धनुष को उठाने का प्रयास करते हैं, लेकिन सफल नहीं हो पाते। इसके बाद गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से भगवान श्रीराम धनुष उठाकर उसकी प्रत्यंचा चढ़ाते हैं और धनुष टूट जाता है।

छात्राओं ने रैली निकालकर दिया तंबाकू मुक्त परिसर का संदेश



रोहतक। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत तंबाकू मुक्त परिसर जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें छात्राओं ने भाग लेकर तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया। छात्राओं ने नारों के माध्यम से तंबाकू से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। महाविद्यालय में तंबाकू मुक्त परिसर अभियान के तहत एक्सटेंशन लेक्चर भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य ज्ञानेंद्र सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा और एंटी टोबैको स्क्वाड की संयोजिका डॉ. अभिलाषा रोहिल्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा ने छात्राओं से तंबाकू जैसी हानिकारक आदतों से दूर रहने और परिसर को पूरी तरह तंबाकू मुक्त बनाने में सहयोग देने का आह्वान किया। वक्ताओं ने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करने और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अभिलाषा रोहिल्ला के संयोजन में हुआ। इसमें डॉ. प्रीति, डॉ. सुमन, डॉ. ज्योति, डॉ. ममता, मोनिका अहलावत और मीना सहित महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने सहयोग दिया।

जीडी गोयनका सनसिटी टॉडलर हाउस में 15 अक्टूबर को होगी डांडिया नाइट

रोहतक। जीडी गोयनका सनसिटी टॉडलर हाउस की ओर से 15 अक्टूबर को विद्यालय परिसर, सी-ब्लॉक, सेक्टर-36, सनसिटी में डांडिया नाइट 2026 का आयोजन किया जाएगा। शाम छह बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में गरबा, डांडिया, संगीत और नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां होंगी। कार्यक्रम में हरियाणा भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं हरियाणा ब्यूरो ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज के चेयरमैन मोहन लाल बड़ौली मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं, सोहटी धाम के श्री श्री 1008 सूर्यनाथ बाबा जी का सान्निध्य और आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। आयोजन में प्रसिद्ध एंकर एवं कलाकार अमित वर्मा, संगीत निर्देशक और गायक तरुण मोर तथा लोकप्रिय कलाकार प्रदीप बूरा और पूजा हुड्डा विशेष आकर्षण रहेंगे। इसके अलावा हरियाणवी नृत्य समूह की प्रस्तुतियां भी दर्शकों का मनोरंजन करेंगी। कार्यक्रम के दौरान गरबा संगीत, डांडिया नृत्य, मनोरंजक गतिविधियां और आकर्षक लाइट शो आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों की ओर से प्रतिभागियों के लिए डांडिया स्टिक्स और नवरात्रि विशेष भोजन की व्यवस्था भी रहेगी। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों और क्षेत्रवासियों को इस सांस्कृतिक उत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। कार्यक्रम में प्रवेश पास के माध्यम से होगा।



छात्राओं ने खेल प्रतियोगिता में लहराया परचम

रोहतक। मानव रत्ना स्कूल, सुनारिया में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-11 खेल प्रतियोगिता में ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। छात्राओं ने विभिन्न स्पर्धाओं में स्थान हासिल कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा छठी की छात्रा हरनूर ने लंबी कूद में प्रथम, 100 मीटर दौड़ में द्वितीय और 200 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। रस्साकशी में गीतिका, अश्मि, ईशिता, दीक्षिता, इशिका, अवनि, रिद्धि और लक्षिता की टीम प्रथम रही। खो-खो में ताक्षी, विधि, गुन्नु, वाणी, निशिता, अवनि, प्रिया, इशानी और अविशी की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। ऊंची कूद में इशानी द्वितीय रही। कबड्डी में चौथी कक्षा की छात्रा रिया ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यालय निदेशक ईश्वर सिंह शास्त्री और प्रधानाचार्या ज्योति दलाल ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

फसल बीमा मुआवजे का करें वितरण



रोहतक। रबी 2025 में फसलों को हुए नुकसान के लंबित मुआवजे का वितरण एक माह में सुनिश्चित करना होगा। उपमंडलाधीश आशीष कुमार ने कृषि बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि राज्य स्तरीय निगरानी समिति से स्वीकृत मुआवजा राशि प्रभावित किसानों तक समय पर पहुंचाई जाए। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी किसानों के दस्तावेज पूरे कराने और बीमा कंपनी से समन्वय स्थापित करने में सहयोग करें। उपमंडलाधीश मंगलवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कृषि उपनिदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मुआवजा वितरण से जुड़े मामलों की जानकारी दी। सहायक सांख्यिकी अधिकारी विनोद हुड्डा ने योजना का विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान जिला उद्यान अधिकारी मदन लाल, डॉ. नरेंद्र यादव, उपमंडल कृषि अधिकारी संदीप सिंह और अजय, नाबार्ड के डीडीएम अंकित दहिया, राममेहर सिंह, सुरेश शर्मा, प्रदीप कुमार, वेद प्रकाश तथा फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों सहित किसान यूनियन के पदाधिकारी और संबंधित किसान मौजूद रहे।

पीआर धान की सरकारी खरीद शुरू

सांपला। नई अनाज मंडी में सोमवार को पीआर धान की सरकारी खरीद विधिवत रूप से शुरू की गई। मार्केट कमेटी के चेयरमैन उदयभान मलिक और एसडीएम सांपला की अध्यक्षता में खरीद प्रक्रिया शुरू हुई। इस दौरान किसानों की फसल की सुचारू खरीद और मंडी में आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर जोर दिया गया।अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सरकारी खरीद के दौरान निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही किसानों को मंडी में किसी प्रकार की परेशानी न हो और खरीद प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। धान की सरकारी खरीद शुरू होने से क्षेत्र के धान उत्पादक किसानों को अपनी फसल बेचने में सुविधा मिलेगी। अधिकारियों ने खरीद प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने और किसानों की सुविधाओं का ध्यान रखने पर जोर दिया।



यातायात के नियमों का पालन करें: पूनिया



रोहतक। सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन बचाने की साझा जिम्मेदारी है। जिम्मेदार आदतें अपनाकर अनेक सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है और अनमोल जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। यह संदेश महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने मंगलवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में दिया। उन्होंने भावी इंजीनियरों से आह्वान किया कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करने के साथ समाज में भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाएं। जागरूकता रैली के दौरान हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, यातायात संकेतों, जेब्रा क्रॉसिंग तथा सड़क पर सतर्कता बरतने के महत्व पर जोर दिया गया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल, डीन सीडीसी प्रो. राजेश पुनिया, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग, यूआईईटी निदेशक प्रो. विनीत सिंगला, पं दीनदयाल उपाध्याय कौशल एवं व्यावसायिक शिक्षा केंद्र के निदेशक प्रो. प्रभाकर कौशिक, यूथ रेडक्रॉस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. अंजू धीमान, सीडीओई कोऑर्डिनेटर डॉ. हरकेश सहरावत समेत यूआईईटी के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी, वाईआरसी काउंसलर एवं वॉलंटियर्स उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का समन्वयन यूआईईटी निदेशक प्रो. विनीत सिंगला तथा यूथ रेडक्रॉस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. अंजू धीमान ने किया। प्राध्यापिका डॉ ईशा ने कार्यक्रम में मंच संचालन किया। जागरूकता रैली का समन्वयन यूआईईटी के प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार ने किया। समन्वयन सहयोग वाईआरसी टीम ने दिया।

जेजेपी नेताओं ने किया मंडियों का दौरा



रोहतक। जेजेपी जिलाध्यक्ष रोहतक डॉ संदीप हुड्डा के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिले की अनाज मंडियों का दौरा किया। इस दौरान मंडियों में व्याप्त अव्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और किसानों को हो रही परेशानियों के विरोध में प्रदर्शन कर संबंधित समस्याओं को उठाया गया। कार्यकर्ताओं ने मंडियों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने तथा किसानों को राहत प्रदान करने की मांग की। जिले में बेमौसम बारिश और सरकारी खरीद में देरी के कारण धान व बाजरे की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है और अनाज मंडियों में नमी बढ़ने से किसानों को परेशानी हो रही है। किसान पिछले कई दिनों से अपनी फसल लेकर बैठे हैं। डॉ संदीप हुड्डा ने कहा कि दुष्यंत चौटाला के 2019 में गठबंधन सरकार में उपमुख्यमंत्री बनने के बाद, फसल खरीद और भुगतान प्रक्रिया में सुधार के लिए कई कदम उठाए। फसल खरीद के बाद भुगतान 48-72 घंटे में देने काम किया गया। 2020 में, 55 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद के बाद 99% किसानों को 72 घंटे में भुगतान किया गया। मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल का उपयोग बढ़ाया गया, जिससे फसल पंजीकरण और भुगतान प्रक्रिया डिजिटल और पारदर्शी हुई। जिला प्रवक्ता एडवोकेट अजय कुमार इंढौरा ने बताया कि निम्नलिखित राजेश सैनी, रविंद्र सांगवान, प्रवीण लांबा, प्रवेश कंसाला, कृष्ण घणघस, राजेश गुलिया, अमित सिंधू, अभिषेक देसवाल, महेंद्र सुंडाणा, अरूण शर्मा, आजाद देशवाल, सतीश फौजी, बिजेंद्र शर्मा, भीम कुंडू, महेंद्र नरवाल, ओम डोम, रोहताश, प्रवीण भुटानी, सतेन्द्र कादयान, अशोक आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

एमडीयू में आज होगा मानसिक स्वास्थ्य पर विशेषज्ञ व्याख्यान

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) की यूएचवी एवं सॉफ्ट स्किल्स कमेटी की ओर से मंगलवार को मानसिक स्वास्थ्य पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया जाएगा। राधाकृष्णन सभागार में सुबह 11 बजे होने वाले व्याख्यान में मेंटल वेलनेस सेंटर की संस्थापक एवं क्लिनिकल डायरेक्टर डॉ. पंकजा सिंह विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं की जानकारी देंगी। यूआईईटी के बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रो. मंजीत कौर ने बताया कि व्याख्यान का विषय 'मेंटल हेल्थः अंडरस्टैंडिंग, कनेक्टिंग एंड ग्रोइंग टुगेदर' है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य को समझने, आपसी जुड़ाव विकसित करने और सकारात्मक सोच के साथ व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी। कार्यक्रम का समन्वय एप्लाइड साइंस एंड ह्यूमैनिटीज विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मनजीत कौर करेंगी। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील बनाना, उन्हें अपनी भावनाओं को बेहतर ढंग से समझने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

प्रदीप बने सांपला को-ऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी के प्रधान



सांपला। सांपला को ऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी के चुनाव में भाजपा नेता प्रदीप ओहल्यान को सर्वसम्मति से प्रधान और चुलियाना निवासी उर्मिला देवी को उपप्रधान चुना गया। दोनों पदों पर सर्वसम्मति बनने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने किसानों के हितों को प्राथमिकता देने और सोसायटी के माध्यम से कृषि संबंधी सुविधाओं को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता जताई। मंगलवार को सांपला में आयोजित चुनाव प्रक्रिया सरिता राठी, उप सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां रोहतक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सांपला निवासी प्रदीप ओहल्यान पुत्र आजाद सिंह को प्रधान तथा चुलियाना निवासी उर्मिला देवी पत्नी पवन कुमार को उपप्रधान चुना गया। इस अवसर पर सहायक रजिस्ट्रार नरेंद्र, सोसायटी इंस्पेक्टर बबीता और मैनेजर मुनिया भी मौजूद रहे। इस अवसर पर सोसायटी के पूर्व प्रधान प्रताप सिंह नंबरदार, सोसायटी सदस्य पूजा पत्नी राजेश निवासी खेड़ी सांपला, बिमला पत्नी रामचंद्र निवासी चुलियाना सहित देवी सिंह, सत्यवान, जितेंद्र, प्रकाश, दीपक, नीटू और सतीश मौजूद रहे।

डॉ. अरविंद शर्मा के जन्मदिन पर हवन किया



रोहतक। रुपया चौक स्थित जय मां गायत्री यज्ञशाला में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने औषधि युक्त हवन सामग्री से गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्रों के साथ आहुतियां दीं। हवन के माध्यम से डॉ. अरविंद शर्मा की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गई।कार्यक्रम के दौरान जितेंद्र रात्रि और जयपाल वशिष्ठ ने देसी घी से तैयार लड्डुओं का प्रसाद वितरित किया। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को बधाई देकर डॉ. अरविंद शर्मा का जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम में भगत सिंह युवा क्लब की पूरी टीम मौजूद रही। इस अवसर पर क्लब के प्रधान जीते, पंडित सुनील वशिष्ठ, श्याम वशिष्ठ, संदीप बुधवार, जेपी गौड़, भगवान दास शर्मा, जयपाल शर्मा, शंकर पांचाल, रामकिशोर, मुकेश कौशिक, रोशन लाल और पवन शर्मा सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।

25 को अग्रोहा धाम में राष्ट्रीय मेला, देशभर से जुटेंगे श्रद्धालु

रोहतक। शरद पूर्णिमा के अवसर पर 25 अक्टूबर को अग्रोहा धाम में राष्ट्रीय स्तर का वार्षिक मेला आयोजित किया जाएगा। देशभर से श्रद्धालुओं, वैश्य समाज के प्रतिनिधियों, उद्योगपतियों, व्यापारियों और समाजसेवियों के पहुंचने की उम्मीद है। मेले में धार्मिक आयोजनों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और विशाल महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा।अग्रोहा धाम के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. राजकुमार गोयल ने बताया कि मेले में जगतगुरु ब्रह्मर्षि कुमार स्वामी, अग्रोहा धाम के संरक्षक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद सुभाष चंद्रा, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, पंजाब के कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र गोयल और उद्योगपति एवं विधायक सावित्री जिंदल सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल होंगे। कलाकार मासूम शर्मा और भजन गायिका अंजलि द्विवेदी भी प्रस्तुतियां देंगी। गोयल ने बताया कि अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग के नेतृत्व में आयोजित मेले में सुबह से धार्मिक कार्यक्रम शुरू होंगे। श्रद्धालु शक्ति सरोवर में स्नान, मंदिरों में पूजा-अर्चना और आरती करेंगे। महिलाओं की कलश यात्रा, माता महालक्ष्मी का छप्पन भोग, ध्वजारोहण और विशाल भंडारे का आयोजन भी होगा।

दृश्य कला विभाग की अनूठी पहल, 30 विद्यार्थी एक माह तक करेंगे सामूहिक सृजन

एमडीयू में रद्दी कागज से तैयार होगा भव्य म्यूरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) का दृश्य कला विभाग हरियाणवी लोककला और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को नया स्वरूप देने के लिए पेपर माशे तकनीक से भव्य इनडोर म्यूरल तैयार कर रहा है। इस अनूठी पहल में रद्दी कागज को कलात्मक रूप देकर पारंपरिक कला और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। दृश्य कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने बताया कि म्यूरल के निर्माण में करीब 200 किलोग्राम रद्दी कागज का उपयोग किया जाएगा। कागज की लुगदी में गोंद, मुल्तानी मिट्टी, ग्वार, इमली के बीजों से तैयार प्राकृतिक सामग्री और ग्वारपाठा मिलाकर आवश्यक बनावट व मजबूती दी जाएगी। खास बात यह है कि लाल, नीले और पीले रंगों को भी निर्माण के दौरान ही मिश्रण में शामिल करने की योजना है।

म्यूरल में करीब दो-दो फुट के वृत्ताकार पैनल तैयार किए जाएंगे। इनमें हरियाणवी लोककला, भारतीय पारंपरिक कलाओं और सांस्कृतिक प्रतीकों से प्रेरित आकृतियां उकेरी जाएंगी। सभी पैनलों को एक साथ संयोजित कर आकर्षक कलात्मक संरचना विकसित की जाएगी। दृश्य कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार के मार्गदर्शन में बीएफए तृतीय वर्ष के 30 विद्यार्थी इस परियोजना में जुटे हैं। विद्यार्थी कागज की लुगदी तैयार करने से लेकर पैनल निर्माण, रूपांकन और अंतिम संयोजन तक विभिन्न चरणों में भागीदारी कर रहे हैं। विभाग का लक्ष्य करीब एक माह में इस म्यूरल को तैयार करना है। इस परियोजना के माध्यम से विद्यार्थियों को पारंपरिक शिल्प तकनीकों, सामग्री के प्रयोग और सामूहिक कला-सृजन का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा।

पूर्व अनुभव के आधार पर पहल को व्यापक स्वरूप दिया जा रहा

रद्दी कागज के पुनः उपयोग से अपशिष्ट सामग्री को कलात्मक संसाधन में बदलने का संदेश भी दिया जाएगा। डॉ. संजय कुमार ने बताया कि विभाग इससे पहले भी द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के सहयोग से पेपर माशे तकनीक पर आधारित परियोजना पूरी कर चुका है। पूर्व अनुभव के आधार पर अब इस पहल को व्यापक स्वरूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास हरियाणवी लोककला के संरक्षण, भारतीय पारंपरिक तकनीकों में नवाचार और पर्यावरण-अनुकूल कला को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

माता-पिता की स्मृति में योग शिविर लगाया

रोहतक। एलपीएस बोसार्ड के एमडी एवं प्रमुख समाजसेवी राजेश जैन अपने स्वर्गीय पिता विमल प्रसाद जैन और माता सुशीला देवी की स्मृति में पांच दिवसीय निशुल्क योग शिविर का आयोजन करवा रहे हैं। यह शिविर 14 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक सुभाष नगर स्थित सुभाष पार्क में प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 6:30 बजे तक लगाया जाएगा। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में योग गुरू सरदार हवासिंह सैनी योग साधकों को योगाभ्यास एवं योग प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। शिविर का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि शिविर के आयोजन में एसएन जनरल वेलफेयर एसोसिएशन, सुभाष नगर का विशेष सहयोग रहेगा। योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस शिविर में लोगों को भाग लेने का अवसर मिलेगा। समाजसेवी राजेश जैन ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर योगाभ्यास का लाभ उठाएं और नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

खबर संक्षेप



गौड़ ब्राह्मण कॉलेज में स्वास्थ्य जांच शिविर

रोहतक। गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में मंगलवार को यूथ रेडक्रॉस और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें विद्यार्थियों और अन्य लोगों की आंखों, कान, नाक, गले, हड्डियों व जोड़ों से संबंधित समस्याओं की जांच कर चिकित्सकों ने परामर्श दिया।

शोध की नैतिकता और डिजिटल शिक्षा पर मंथन

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र की ओर से आयोजित दो सप्ताह के रिफ्रेशर कोर्स में शोध की नैतिकता, डिजिटल शैक्षणिक संसाधनों और सकारात्मक सोच पर विशेषज्ञों ने विचार रखे। मंगलवार को कोर्स के दूसरे दिन विभिन्न सत्रों में शिक्षकों को शोध की गुणवत्ता और प्रभावी शिक्षण के पहलुओं से अवगत कराया गया।

पोस्टर बनाकर आपदा से बचाव के उपाय बताए

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के भूगोल विभाग में अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से आपदा से बचाव के उपाय बताए। इस अवसर पर प्रो. बीनू सांगवान, डॉ. राजेश, डॉ. प्रदीप, पीएचडी शोधार्थी और विभाग के विद्यार्थी मौजूद रहे।

आर्य समाज तिलक नगर में वैदिक सत्संग 17-18 को

रोहतक। आर्य समाज तिलक नगर की ओर से 17 और 18 अक्टूबर को तिलक नगर स्थित धर्मशाला में दो दिवसीय यज्ञ, वैदिक प्रवचन एवं भजनोपदेश कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दोनों दिन सुबह 8:30 से 9 बजे तक और शाम 2:30 से 3 बजे तक यज्ञ होगा। सुबह 9 से 10 बजे और शाम 3 से 4 बजे तक भजनोपदेश किया जाएगा। इसके बाद सुबह 10 से 11 बजे और शाम 4 से 5 बजे तक वैदिक प्रवचन होंगे।

एमडीयू की बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया पंच का दम

रिंग में बरसे मुक्के, एआईजेएचएम रोहतक ने सात पदक किए हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के खेल परिसर में आयोजित इंटर कॉलेज बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026-27 में एआईजेएचएम रोहतक के मुक्केबाजों ने 7 पदक जीते, जबकि जीसी बहादुरगढ़ के खिलाड़ियों ने 4 पदक हासिल किए। प्रतियोगिता में 10 भार वर्गों में विभिन्न कॉलेजों के मुक्केबाजों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों के लिए मुकाबले किए। प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के बॉक्सिंग कोच एवं अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज दलबीर सिंह ने किया। खेल निदेशक ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया के नेतृत्व में एमडीयू में खेल संस्कृति को मजबूत किया जा रहा है। प्रतियोगिता का संचालन एवं समन्वय बॉक्सिंग कोच मनोज कुमार ने किया।



50 किलो भार वर्ग में जीसी बहादुरगढ़ का दीपांशु चमका

50 किलोग्राम भार वर्ग में जीसी बहादुरगढ़ के दीपांशु ने स्वर्ण, अग्रवाल कॉलेज के तरुण ने रजत और एआईजेएचएम रोहतक के युवराज ने कांस्य पदक जीता। 50-55 किलोग्राम वर्ग में एआईजेएचएम रोहतक के निशांत ने स्वर्ण, हिंदू कॉलेज सोनीपत के अरुण ने रजत तथा जीसी बहादुरगढ़ के जैशिव और जीसी सांपला के लक्ष्य ने कांस्य पदक हासिल किए। 55-60 किलोग्राम वर्ग में सैनी कॉलेज के विरंजीव ने स्वर्ण, जीसी सांपला के प्रतीक ने रजत तथा अग्रवाल कॉलेज के भविष्य और डीएवी सीसी गुरुग्राम के हिरद्यांश कुमार ने कांस्य पदक जीते। 60-65 किलोग्राम वर्ग में जीबीडी रोहतक के हर्ष ने स्वर्ण, यूटी डी एमडीयू रोहतक के टीनू बुधवार ने रजत तथा जीसी सांपला के आशीष और जीसी फरीदाबाद के वरुण शर्मा ने कांस्य पदक हासिल किए।

65 से 75 किलो वर्ग में दिखाया दम

65-70 किलोग्राम वर्ग में एआईजेएचएम रोहतक के नकुल मलिक ने स्वर्ण, पंडित एनआरएस रोहतक के सचिन दलाल ने रजत तथा सीआरए सोनीपत के विक्रांत और यूटी डी एमडीयू रोहतक के राहुल ने कांस्य पदक जीते। 70-75 किलोग्राम वर्ग में डीपीजी डिग्री कॉलेज के ध्रुव ने स्वर्ण, एआईजेएचएम रोहतक के परविंदर ने रजत तथा अग्रवाल कॉलेज के बॉबी और जीसी झज्जर के सचिन गहलावत ने कांस्य पदक हासिल किए।

भारी वजन वर्गों में भी कड़ा मुकाबला

75-80 किलोग्राम वर्ग में एसएमजीसी मोखरा के आयुष ने स्वर्ण, जीसी बहादुरगढ़ के दक्ष मलिक ने रजत तथा यूटी डी एमएडी रोहतक के हर्षित और डीएवी सीसी गुरुग्राम के मेहुल कुमार ने कांस्य पदक जीते। 80-85 किलोग्राम वर्ग में एसएसजी पीजी कॉलेज तिगांव के राहुल लोखाना ने स्वर्ण, एमडीयू सीपीएएस गुरुग्राम के जतिन यादव ने रजत तथा एआईजेएचएम रोहतक के जतिन और यूटी डी एमएडी रोहतक के हर्ष बलहारा ने कांस्य पदक हासिल किए। 85-90 किलोग्राम वर्ग में केए इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के क्रिश ने स्वर्ण और एआईजेएचएम रोहतक के रितिक दलाल ने रजत पदक जीता।

न्यूज डायरी

राष्ट्रीय समूहगान में मॉडल स्कूल प्रथम



रोहतक। भारत विकास परिषद की रोहतक शाखा एवं रत्न शाखा के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को जेड ग्लोबल स्कूल, हुड्डा कॉम्प्लेक्स में शाखा स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल, अंबेडकर चौक की टीम ने प्रथम, शिक्षा भारती विद्यालय, जेपी कॉलोनी ने द्वितीय और बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में समाजसेवी एवं आर्बिट्रेटर जोगिंदर सिंह धमीजा मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता एडवोकेट एवं रोहतक शाखा के पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार जैन ने की। प्रतियोगिता में शिक्षा भारती विद्यालय, रामनगर, श्री ज्योति प्रकाश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, प्रेम नगर और बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल की टीमों ने भी भाग लिया। मंच संचालन अर्जुन गुप्ता ने किया। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष विक्रांत शर्मा, सचिव विजय गुप्ता, हर्ष खेड़ा, मंजू बिंदल, गणपत राय गोयल, संजय भाटिया सहित परिषद के सदस्य और शिक्षक मौजूद रहे।

स्वदेशी उत्पाद अपनाएं युवा : ग्रोवर

रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के तहत भालौठ स्थित आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल में मानव रंगोली बनाई गई। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने विद्यार्थियों से स्वदेशी अपनाने और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में युवाओं की अहम भूमिका रहेगी। ग्रोवर ने कहा कि आज के विद्यार्थी भविष्य में देश की विकास यात्रा का नेतृत्व करेंगे। कार्यक्रम के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत अतिथियों ने स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और विकसित भारत के संकल्प पर विद्यार्थियों के साथ विचार साझा किए। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, सतीश नांदल, चेयरमैन खुशी राम हुड्डा, सुखबीर चंदोलिया, ओमप्रकाश बागड़ी, जिला परियोजना अधिकारी सुमन हुड्डा, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल सहित स्कूल स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे।



छात्रों को सिखाई देवनागरी कैलीग्राफी



रोहतक। दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीएसपुवा) की ओर से आउटरीच कार्यक्रम के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घरावठी में कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें छात्रों को देवनागरी कैलीग्राफी सिखाई गई। इस दौरान सुपवा के एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर व पेंटिंग विभागाध्यक्ष डॉ प्रकाश दास खांडेय व स्कूल के प्राचार्य राकेश सत्यप्रिया मौजूद रहे। छात्रों को बताया गया कि हिंदी भाषा को सुंदर, स्पष्ट व आकर्षक ढंग से लिखने की कला को देवनागरी कैलीग्राफी कहा जाता है। छात्रों को हिंदी वर्णमाला के अक्षरों को सुंदर तरीके से लिखने, अक्षरों की बनावट सुधारने व शब्दों और वाक्यों को आकर्षक रूप देने के तरीके सिखाए गए। डॉ खांडेय ने छात्रों को बताया कि कैलीग्राफी केवल सुंदर लिखावट तक सीमित नहीं है, बल्कि यह धैर्य, एकाग्रता, रचनात्मकता व अनुशासन विकसित करने का भी प्रभावी माध्यम है। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों ने विभिन्न प्रकार के पेन, ब्रश व रंगों का उपयोग करते हुए हिंदी के अक्षरों, शब्दों व प्रेरणादायक विचारों को सुंदर शैली में लिखना सीखा। उन्हें अक्षरों के आकार, रेखाओं की मोटाई, शब्दों के बीच उचित दूरी व लिखावट में संतुलन बनाए रखने का अभ्यास भी कराया गया। प्राचार्य राकेश सत्यप्रिया ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां छात्रों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम व सम्मान बढ़ाती हैं। साथ ही, भारतीय लिपि व सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कैलीग्राफी के माध्यम से बच्चे अपनी कल्पनाशक्ति को अभिव्यक्त करना व लेखन को अधिक प्रभावशाली बनाना सीखते हैं। इस दौरान डॉ खांडेय ने डीएलसीएसपुवा में चल रहे विभिन्न रचनात्मक व व्यावसायिक कोर्सेज के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

योग में आरव ने तीन इवेंट जीते

कबड्डी में कलानौर के लड़के व महम की लड़कियां प्रथम

रोहतक। जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं में अंडर-11 खिलाड़ियों ने योग, एथलेटिक्स, स्केटिंग, कबड्डी, रस्साकसी, शतरंज और कुश्ती में पदक जीते। योग में एमडीएन पब्लिक स्कूल के आरव सिंह तीन इवेंट में प्रथम रहे। कबड्डी में लड़कों के वर्ग में कलानौर और लड़कियों के वर्ग में महम ब्लॉक की टीम विजेता रही। सभी खेलों के विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में रोहतक जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। छोटूराम स्टेडियम में हुई योग स्पर्धा के ट्रेडिशनल और आर्टिस्टिक सोलो इवेंट में आरव प्रथम रहे। रिदमिक पेयर में आरव सिंह और जीआरएम पब्लिक स्कूल के यश की जोड़ी ने पहला स्थान पाया। आर्टिस्टिक पेयर में एचडी स्कूल, बहु अकबरपुर के आर्यन कुमार और लक्षित की जोड़ी जीती। ट्रेडिशनल इवेंट में जीपीएस मोखरा के पृथ्वीराज चौहान दूसरे स्थान पर। प्रतियोगिताएं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी बिजेन्द्र हुड्डा के मार्गदर्शन और जिला मौलिक सहायक शिक्षा अधिकारी संदीप दांगी के नेतृत्व में आयोजित की गईं। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक संघ रोहतक के प्रधान नीरज मलिक, पूर्व प्रधान विकास डीपीई, वरिष्ठ खेल अधिकारी डॉ. जनक राज, अरुण सांगवान, ओमपाल डीपीई, राजेश और अमरपाल सहित अन्य अधिकारी, प्रशिक्षक और टीम इंचार्ज मौजूद रहे।



मानव रचना स्कूल में एथलेटिक्स प्रतियोगिता : 100 मीटर दौड़ की पहली स्पर्धा में नयन प्रथम, विवान द्वितीय और योगराज तृतीय रहे। दूसरी स्पर्धा में प्रतीक प्रथम, अंश कुमार द्वितीय और आयुष्मान तृतीय। 400 मीटर दौड़ में वंश ने पहला, वंश दांगी ने दूसरा और आयुष्मान तृतीय। शॉट पुट में रितेश प्रथम, तनिश द्वितीय और अभी कुमार तृतीय। लॉन्ग जंप में यानिस, देव और सक्षम ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पर। हाई जंप में प्रतीक प्रथम, शिवम द्वितीय और यश तृतीय रहे।

इन खिलाड़ियों का भी जलवा: इनलाइन इवेंट में शिव प्रथम, प्रिंस दांगी द्वितीय और विवान तृतीय रहे। क्वॉड इवेंट में दिशान ने पहला, रुद्र ने दूसरा और तन्मय ने तीसरा स्थान पाया। कबड्डी के लड़कों के वर्ग में कलानौर प्रथम, महम द्वितीय और रोहतक तृतीय रहा। लड़कियों के वर्ग में महम प्रथम, रोहतक द्वितीय और कलानौर तृतीय। रस्साकसी के लड़कों में रोहतक ब्लॉक विजेता, महम दूसरे और सांपला तीसरे स्थान पर रहा। शतरंज में लड़कों में वीर प्रथम, निवल मलिक द्वितीय और नैतिक तृतीय रहे। लड़कियों में लावण्या प्रथम, तृषा द्वितीय और वैष्णवी तृतीय रहीं।

कुश्ती में इन खिलाड़ियों ने जीते मुकाबले : अंडर-11 कुश्ती में 20 किलोग्राम भार वर्ग में युवी जैन प्रथम और हरदेव द्वितीय रहे। 22 किलोग्राम में सिद्धार्थ प्रथम और अयान द्वितीय, 24 किलोग्राम में प्रयुक्त प्रथम और मयंक द्वितीय, 26 किलोग्राम में गुलशन कुमार प्रथम और मयंक द्वितीय। 28 किलोमें लव प्रथम और प्रीत द्वितीय, 30 किलोग्राम में नितिन प्रथम और गौरव द्वितीय, 32 किलोग में अंकुश प्रथम और वैभव द्वितीये। 34 किलो में प्रिंस प्रथम और जय मलिक द्वितीय रहे। 34 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में खुश प्रथम और पुलकित द्वितीय रहे।

गणित की एप्टीट्यूड परीक्षा में रुचिका प्रथम

रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज के गणित विभाग की ओर से प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता में एक दिवसीय एप्टीट्यूड परीक्षा आयोजित की गई। गणित विभागाध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी गुगनानी ने बताया कि परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्नों के माध्यम से विद्यार्थियों की रीजनिंग, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड और डेटा इंटरप्रिटेशन संबंधी क्षमताओं को परखा गया। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए मानसिक योग्यता और तार्किक गणितीय कौशल महत्वपूर्ण हैं। प्रतियोगिता में बीकॉम द्वितीय वर्ष की रुचिका ने प्रथम स्थान हासिल किया। बीसीए प्रथम वर्ष के लोकेश दूसरे स्थान पर रहे, जबकि बीसीए प्रथम वर्ष के प्रिंस और बीबीए द्वितीय वर्ष के सचिन ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। परीक्षा के संचालन में डॉ. सनी कपूर, संतोष और डॉ. ख्याति डंग ने निर्णायक एवं पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई।



जिला स्तरीय खेलों में छाया सांगवान स्कूल

रोहतक। सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की ओर से आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में पदक जीतकर अपनी प्रतिभा और खेल के प्रति समर्पण का परिचय दिया। प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं के छात्र यन्नीस ने अंडर-11 लंबी कूद में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अंश और मानवी ने 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ओजस्वी ने भी अपनी स्पर्धा में द्वितीय स्थान हासिल कर उपलब्धि दर्ज की। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए योगिता उनके साथ मौजूद रहीं। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय प्रबंधक राजेश सांगवान, प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान, उप-प्रधानाचार्या ऋतु विज और विद्यालय समन्वयक प्रमिला सांगवान ने विजेता खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों और खेल विभाग के विकास सहित अन्य प्रशिक्षकों को बधाई दी।



तृषा सैनी बनीं ऑलराउंडर बेस्ट जिम्नास्ट

रोहतक। खेल महाकुंभ के तहत मंगलवार को जिला स्तरीय आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक ट्रायल आयोजित किए गए। लड़कियों के मुकाबलों में तृषा सैनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑलराउंडर बेस्ट जिम्नास्ट का खिताब हासिल किया। इससे पहले 9 से 11 अक्टूबर तक अंबाला में हुई हरियाणा राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में रोहतक की आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक लड़कियों की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था, जबकि लड़कों की टीम दूसरे स्थान पर रही। जिला स्तरीय ट्रायल में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल महाकुंभ के माध्यम से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और अपनी खेल प्रतिभा निखारने का अवसर मिल रहा है।



आकाश ने लॉन्च किया 'इनविक्टस इंजीनियरिंग 2.0'

रोहतक। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी को बेहतर बनाने के लिए 'आकाश इनविक्टस इंजीनियरिंग 2.0' लॉन्च किया है। इस पहल का उद्देश्य जेईई की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को व्यवस्थित अध्ययन, नियमित मूल्यांकन और बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। संस्थान के अनुसार, यह कार्यक्रम छह प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। इनमें अनुभवी शिक्षक, शोध आधारित अध्ययन सामग्री, स्मार्ट टेस्टिंग, नियमित मूल्यांकन, बेहतर मार्गदर्शन और व्यक्तिगत मेंटरशिप शामिल हैं। इसके तहत ऐस, अचीवर, एक्सेलेरेटर और एपेक्स नाम से चार विशेष बैच शुरू किए गए हैं। आकाश के मैनेजिंग डायरेक्टर चंद्र शेखर रेड्डी गरिसा और रीजनल डायरेक्टर विकास पुटेला ने बताया कि नई व्यवस्था से विद्यार्थियों को अपनी कमजोरियों की पहचान करने और उनमें सुधार करने में मदद मिलेगी। नियमित अभ्यास और मूल्यांकन के माध्यम से विद्यार्थी अपनी तैयारी का आकलन कर बेहतर रैंक हासिल करने की दिशा में प्रयास कर सकेंगे। संस्थान की ओर से विद्यार्थियों और अभिभावकों को नई पहल की जानकारी देने के लिए ओरिएंटेशन सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

द मॉडर्न स्कूल की मानवी ने राष्ट्रीय फ्लोरबॉल स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

रोहतक। द मॉडर्न पब्लिक स्कूल की कक्षा सातवीं की छात्रा मानवी ने राष्ट्रीय स्तर की अंडर-12 फ्लोरबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने शहर, प्रदेश और विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल प्रदर्शन के आधार पर मानवी को बेस्ट प्लेयर चुना गया। इसके साथ ही उन्हें फ्लोरबॉल टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। मानवी की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। प्रबंधन के जतिन सिक्का और मानिक सिक्का, प्रधानाचार्य राज यादव तथा समस्त स्टाफ ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि मानवी की मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। उनकी सफलता से विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।



मार्केट न्यूज

त्योहारों का शृंगार, प्रेमसंस ज्वेलर्स के साथ



विपुल आहुजा



रोहतक। प्रेमसंस ज्वेलर्स ने त्योहारी सीजन के लिए नया और आकर्षक फेस्टिव कलेक्शन लॉन्च किया है। जिसमें एक लाख की रेंज हीरे वाली ज्वैलरी खरीद पर गोल्ड सिक्का गिफ्ट प्राप्त करें विपुल आहुजा ने बताया कि हमारे यहां गोल्ड, डायमंड, कुंदन और सिल्वर ज्वेलरी के अनोखे डिजाइन ग्राहकों को खास तौर से पसंद आते हैं। हर आभूषण हॉलमार्क प्रमाणित होता है, जिससे शुद्धता और गुणवत्ता की गारंटी मिलती है। ग्राहकों को उनकी पसंद के अनुसार कस्टमाइज्ड ज्वेलरी भी तैयार करते है। परंपरा और आधुनिकता का मेल प्रेमसंस ज्वेलर्स को खास बनाता है।

शहरभर के ग्राहकों का कहना है कि यहां के डिजाइन ट्रेंडी और क्लासिक दोनों होते हैं। गहनों की बेहतरीन कारीगरी और विश्वसनीयता के कारण प्रेमसंस ज्वेलर्स ने लोगों के दिलों में जगह बनाई है। कोई भी खास अवसर, प्रेमसंस ज्वेलर्स हर मौके के लिए परफेक्ट ज्वेलरी प्रदान करता है। विशेष ऑफर्स और कलेक्शन देखने के लिए आज ही प्रेमसंस ज्वेलर्स पर पधारें। और स्कीम का लाभ उठा सकते हैं।

आईडियाथॉन : टॉप-100 में एमडीयू का चयन



रोहतक। हरियाणा सरकार की आईडियाथॉन-2026 पहल में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू)के नवाचारी प्रस्ताव ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। देशभर से प्राप्त 47,904 प्रस्तावों में से विश्वविद्यालय की टीम का चयन शीर्ष 100 में हुआ है। पर्यटन एवं संस्कृति श्रेणी में चयनित टीम 17 अक्टूबर को पंचकूला में आयोजित अंतिम चरण में अपना विचार प्रस्तुत करेगी। एमडीयू के आईएचटीएम के प्रो. आशीष दहिया के मार्गदर्शन में तैयार इस प्रस्ताव की टीम में डॉ. नीरज और योगेश शामिल हैं। एमडीयू के सेंटर फॉर इनोवेशन, इन्क्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप के निदेशक प्रो. अजीत कुमार ने चयनित टीम को बधाई दी। उन्होंने नवाचार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ और कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल के सहयोग के प्रति आभार जताया।

आज मोखरा में लगेगा सेवा सेतु शिविर

रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को महम खंड के गांव मोखरा में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 15 अक्टूबर को फरमाणा गांव की ब्राह्मण धर्मशाला में शिविर लगेगा। इनमें पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण कर उन्हें सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। उपायुक्त सतबीर सिंह ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। सेवा सेतु मॉड्यूल के अंतर्गत पात्र लोगों को उनके घरों के नजदीक ही सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं।

SHRI GORAKH CYBER CAFE
Online Services | CSC | Print | Scan | Photocopy
CSC & जनसेवा केन्द्र
CSC ID: 464546120011
आवश्यकता है
COMPUTER OPERATOR
(MALE/FEMALE)
पद: Computer Operator (M/F)
योग्यता: Basic Computer Knowledge
समय: Full Time स्थान: Rohtak
संपर्क: 9812515432
Shri Gorakh Cyber Cafe Janta Colony, Rohtak

न्यूरो अपडेट में 235 चिकित्सकों ने मिर्गी के आधुनिक उपचार पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

न्यूरो हेल्थ एंड एजुकेशन सोसाइटी हरियाणा के तत्वावधान में रविवार को द पेज होटल में रोहतक न्यूरो अपडेट 2026 के तहत प्रैक्टिकल एपिलेप्सी मास्टरक्लास एवं हैंड्स-ऑन ईईजी वर्कशॉप आयोजित की गई। इसमें हरियाणा के विभिन्न जिलों से 235 चिकित्सकों ने भाग लिया। सम्मेलन में मिर्गी की पहचान, आधुनिक उपचार पद्धतियों, ईईजी जांच और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। सम्मेलन का उद्घाटन पीजीआई के न्यूरोलॉजी विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेखा डाबला ने किया। उन्होंने ऐसे शैक्षणिक आयोजनों को चिकित्सकों के ज्ञानवर्धन और मरीजों के उपचार की गुणवत्ता सुधारने के लिए महत्वपूर्ण बताया। सम्मेलन की अध्यक्षता भी डॉ. डबला ने की। आयोजन सचिव एवं एपेक्स प्लस सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. पवन शर्मा ने कार्यक्रम के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मेदांता के मिर्गी विशेषज्ञ डॉ. आत्मा राम बंसल, गुरुग्राम से डॉ. प्रवीण गुप्ता और डॉ. पवन शर्मा सहित अन्य विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। चर्चा के दौरान गर्भावस्था में मिर्गी का प्रबंधन, बुजुर्गों में दौरे, दवाओं के दुष्प्रभाव और जटिल मामलों के उपचार जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में एपीआई हरियाणा के अध्यक्ष डॉ. सतीश गुलाटी, सचिव डॉ. दीपक जैन, संरक्षक डॉ. एनके शर्मा और डॉ. एसएल वर्मा तथा एपीआई रोहतक के अध्यक्ष डॉ. केएन गर्ग ने सहयोग दिया। मंच संचालन डॉ. सोनिका लांबा और डॉ. साक्षी अग्रवाल ने किया।



RED BALL CRICKET GROUND में आपका हार्दिक स्वागत है
Cricket Academy Admissions Open
Admission Fee: ₹ 3000
Monthly Fee : ₹ 3000
6 Months Plan: ₹ 14,400
Annual Plan : ₹ 25,200
Ground Booking Offer
Day/Night Slot Price: ₹ 7000
Online Booking Price: ₹ 5250 25% OFF
Day Slot Pricing
Monday to Friday Day Slot: ₹ 4000
Saturday Day Slot: ₹ 4950
Sunday Day Slot: ₹ 5500
Box Cricket Offer
10 Match Booking पर 2 Match FREE
Offer सिर्फ advance booking और online payment पर valid है
Transport Facility Available
Distance के हिसाब से Charges Apply होंगे।
Starting Charge: ₹ 2000
आज ही booking या admission reserve कीजिए
कृपया अपनी requirement बताएँ
M. 9350076653
Booking Policy:
सभी Sports Bookings Advance में होती हैं, चाहे Box Cricket, Cricket Ground Slot, या Academy Fee Ho.
Booking/ Admission तभी Confirm माना जाएगा, जब Advance Payment Receive हो जाए.
Ground Slot के लिए Current Active Offer ही Apply होगा.
Offline Booking पर 25% Higher Price लगेगा, इसलिए Whatsapp पर Booking करना Better रहेगा.

ई-चालान का फर्जी लिंक खोलते ही मोबाइल हुआ हैक, खाते से 90 हजार रुपये साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गाड़ी के चालान का भुगतान करने के लिए भेजे गए एक लिंक पर क्लिक करना सांपला निवासी अर्जुन ओहल्याण को महंगा पड़ गया। चालान भरने की प्रक्रिया समझकर खोले गए लिंक के बाद उनके मोबाइल में गड़बड़ी शुरू हो गई। बैंकिंग ऐप काम करना बंद हो गईं और फोन भी ठीक से नहीं चल पाया। अगले दिन मोबाइल रीस्टार्ट करने पर फोनपे के ओटीपी मिले तो पता चला कि उनकी पत्नी के बैंक खाते से 90 हजार रुपये निकल चुके हैं। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना रोहतक पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- गाड़ी के चालान और कोर्ट के जुर्माने का डर दिखाकर भेजा मैसेज

बैंकिंग एप बंद हो गई

शिकायत के अनुसार, 6 अक्टूबर को अर्जुन के मोबाइल की बैंकिंग ऐप बंद हो गईं। फोन रीस्टार्ट करने पर फोनपे के ओटीपी मिले। बाद में पता चला कि उनकी पत्नी मोन्टी के एचडीएफसी बैंक खाते से 90 हजार रुपये निकल गए। उन्हें फर्जी ई-चालान लिंक से साइबर ठगी की आशंका है।

साइबर थाने में एफआईआर

पीड़ित ने घटना के बाद साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम थाना केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

पेमेंट का बहाना बनाकर स्कॉर्पियो में बैठा और सामान के तीन हजार रुपये दिए बिना फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पहले करीब तीन हजार रुपये की सिगरेट और वाइपर खरीदे, फिर ऑनलाइन पेमेंट करने का दिखावा किया और रुपये लेने के बहाने गाड़ी तक पहुंचकर फरार हो गया। गांव खरावड़ के पास महेंद्रा पेट्रोल पंप के साथ बनी परचून की दुकान पर एक युवक की यह हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। आरोपी बिना नंबर प्लेट वाली स्कॉर्पियो में आया था, जिसमें उसके साथ 5-6 अन्य युवक भी बैठे बताए जा रहे हैं। दुकानदार अब फुटेज के जरिए उसकी पहचान कराने का प्रयास कर रहा है।



स्कैनर नहीं चला तो रुपये लेने का बहाना बनाया

पेट्रोल पंप मालिक विपिन यादव के अनुसार, युवक स्कॉर्पियो से आया और करीब तीन हजार रुपये की सिगरेट व वाइपर खरीदे। ऑनलाइन भुगतान न होने का बहाना बनाकर वह गाड़ी से पैसे लाने की बात कहकर चला गया।

घटना सीसीटीवी में कैद

बिना भुगतान किए स्कॉर्पियो से फरार विपिन यादव के अनुसार, युवक बिना पैसे दिए स्कॉर्पियो में बैठकर फरार हो गया। गाड़ी पर नंबर प्लेट नहीं थी। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है।

साझा की फुटेज

आरोपी की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया ग्रुपों में साझा की गई है। पंप मालिक ने अपने स्तर पर उसकी तलाश शुरू कर दी है। आईएमटी थाना पुलिस ने कहा, शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

बाजार गए दंपति, पीछे से घर में घुसे चोर सोने-हीरे के जेवर और नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

घर को ताला लगाकर बाजार जाना आर्य नगर निवासी एक दंपती को भारी पड़ गया। वापस लौटे तो घर का दरवाजा खुला मिला और अंदर अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि अलमारी में रखे सोने के जेवर, हीरे की नग वाली अंगूठी, चांदी की पायल और करीब दो हजार रुपये गायब हैं। पीड़ित की शिकायत पर आर्य नगर थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आर्य नगर निवासी सन्नी सापड़ा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे वह अपनी पत्नी के साथ बाजार गया था। जब दोनों वापस लौटे तो घर का दरवाजा खुला हुआ था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली थी और सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। शिकायत के अनुसार, अलमारी में रखी सोने की चेन और लॉकेट, सोने की एक अंगूठी, एक प्लेटिनम की अंगूठी और हीरे के नग वाली सोने की अंगूठी गायब मिली। इसके अलावा बच्चे की चांदी की पायल, महिलाओं की दो जोड़ी पायल और फ्रिज के ऊपर रखे महिला के पर्स में मौजूद करीब दो हजार रुपये भी चोरी हो गए। सन्नी सापड़ा की शिकायत और घटनास्थल के निरीक्षण के आधार पर आर्य नगर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया गया है। पुलिस अब चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों का पता लगाने और चोरी हुए सामान की बरामदगी के प्रयास में जुटी है।

- आर्य नगर में वारदात, फिंगरप्रिंट टीम ने मौके से जुटाए साक्ष्य

त्योहार सिर पर बाजारों में भी हों सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

भीड़ बढ़ने के साथ चोरी, जेब कटने, मोबाइल व चेन स्नैचिंग का खतरा

चौक-चौराहों पर एक-एक पुलिसकर्मी के सहारे व्यवस्था

- अतिरिक्त पुलिस बल, पैदल गश्त और संदिग्धों की जांच की उठ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

त्योहारों का मौसम आते ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगती है। दुकानों पर सजावट, खरीदारी की तैयारी और ग्राहकों की आवाजाही के बीच व्यापारियों को अच्छे कारोबार की उम्मीद रहती है, लेकिन इस बार बाजारों की सुरक्षा को लेकर चिंता भी कम नहीं है। शहर के किला रोड, रेलवे रोड, शौरी मॉर्केट, डी-पार्क, सेक्टरों और प्रमुख चौक-चौराहों पर यातायात संभालने के लिए एक-एक पुलिसकर्मी तैनात दिखाई देने की स्थिति में व्यापारियों के मन में सवाल उठ रहे हैं कि बढ़ती भीड़ के बीच दुकानों, ग्राहकों और महिलाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन संभालेगा। व्यापारियों का मानना है कि त्योहारों पर भीड़ बढ़ने के साथ चोरी, जेबकतरी, मोबाइल झपटमारी और अन्य आपराधिक वारदातों का खतरा भी बढ़ सकता है। ऐसे में बाजारों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम समय रहते करना जरूरी है। त्योहारी खरीदारी के दौरान बाजारों में सुबह से देर शाम तक ग्राहकों की आवाजाही बढ़ जाती है। कपड़े, आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू सामान और मिठाइयों की दुकानों पर भीड़ रहने की संभावना है। व्यापारियों को आशंका है कि असामाजिक तत्व भीड़ का फायदा उठा सकते हैं।





महम में अवैध पार्किंग पर कार्रवाई, 10 वाहनों के चालान

महम। त्योहारी सीजन में जाम से बचने के लिए प्रशासन ने अवैध पार्किंग के खिलाफ अभियान चलाया। आरटीओ इंस्पेक्टर जसबीर सिंह ने 10 वाहनों के चालान काटे। प्रत्येक चालान पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। एसडीएम ने वाहन चालकों से निर्धारित पार्किंग स्थलों पर वाहन खड़े करने की अपील की।

संदिग्धों पर समय रहते हो कार्रवाई

व्यापारियों का कहना है कि चौक-चौराहों पर तैनात पुलिसकर्मी यातायात संभालने में व्यस्त रहते हैं, जिससे बाजारों के भीतर निगरानी प्रभावित हो सकती है। उन्होंने दुकानों के आसपास नियमित गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर समय रहते कार्रवाई हो सके। वहीं, त्योहारी सीजन में दुकानदार अधिक स्टॉक रखते हैं और नकदी का लेनदेन भी बढ़ जाता है। ऐसे में चोरी की आशंका को देखते हुए व पुलिस निगरानी बढ़ाने की जरूरत जताई है। ताकि दुकानों और कारोबार को सुरक्षित रखा जा सके।

महिला सुरक्षा पर ध्यान देना जरूरी

खरीदारी के दौरान ग्राहक अक्सर सामान देखने और भुगतान करने में व्यस्त रहते हैं। भीड़भाड़ वाली जगहों पर इसी स्थिति का फायदा उठाकर जेबकतरे पर्स या नकदी निकाल सकते हैं, जबकि मोबाइल झपटमारी की घटनाएं भी परेशानी का कारण बन सकती हैं। महिलाओं और परिवारों की अधिक आवाजाही को देखते हुए बाजारों में महिला सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान देना जरूरी है। व्यापारियों की मांग है कि सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों की तैनाती कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाए।

सीसीटीवी की हो सही रिकॉर्डिंग

बाजारों में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे अहम भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन इसका लाभ तभी मिलेगा जब कैमरे चालू हों, रिकॉर्डिंग सही तरीके से हो रही हो और जरूरत पड़ने पर फुटेज तुरंत उपलब्ध हो सके। व्यापारियों के अनुसार, संबंधित अधिकारियों को प्रमुख बाजारों में लगे कैमरों की स्थिति और निगरानी व्यवस्था की जांच करनी चाहिए, ताकि किसी वारदात के बाद आरोपियों की पहचान करने में मदद मिल सके।

रात में दुकानों की निगरानी बढ़ाई जाए

व्यापारियों की मांग है कि त्योहारों के दौरान प्रमुख बाजारों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए। बाजारों के भीतर पैदल गश्त बढ़ाने, संदिग्ध वाहनों की जांच करने और रात में दुकानों के आसपास निगरानी रखने की व्यवस्था हो। साथ ही, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी ऐसी होनी चाहिए कि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता मिल सके।

भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सतबीर पर जानलेवा हमला

महम में पेट्रोल पंप के पास रॉड से कार के शीशे तोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष सतबीर भराण पर जानलेवा हमला किया गया। इस हमले में वे बाल बाल बच गए। हमलावरों ने गाड़ी में काफी तोड़फोड़ की है। हमला होते ही उसने गाड़ी बैक गीयर भगा ली। बैक गेयर में गाड़ी दौड़ाने से पीछे से आ रही दो गाड़ियां और क्षतिग्रस्त हो गई। जानलेवा हमले के संबंध में सतबीर भराण ने महम शहर पुलिस चौकी में शिकायत दी है। पुलिस ने इस मामले में ढिलू, सुमित, शेखर और चार अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस शिकायत में सतबीर ने बताया कि शाम को करीब 5 बजकर 55 मिनट पर वह कार नंबर एचआर 15 ई 9999 में सवार होकर गोहाना मोड़ से रोहतक रोड से अपने घर जा रहा था। महम में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो ब्रेकर पर सुमित बड़ाली, शेखर किशनगढ़ व अन्य चार पांच युवक सफेद रंग की क्रेटा कार में मौजूद थे। ब्रेकर पर दोनों आरोपी बाहर उतरे और शेखर ने रॉड सें शीशे पर मारी।



तीन नामजद

सुमित ने भी रॉड से कार पर हमला किया। शीशा टूटने पर शेखर ने पिस्तौल से फायर करने की कोशिश की। बचने के लिए सतबीर ने कार पीछे दौड़ाई, जिससे पीछे आ रही दो गाड़ियां टकरा गईं। वह पेट्रोल पंप की ओर भाग गया। लोगों के जुटने पर हमलावर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और वीडियोग्राफी करवाई। सतबीर ने आरोप लगाया कि हमला ढिलू बड़ाली के कहने पर जान से मारने की नीयत से किया गया

कार की टक्कर से बीए का छात्र घायल, केस दर्ज

रोहतक। विशाल नगर में सुबह दौड़ लगाने जा रहे बीए फाइनल के 22 वर्षीय छात्र आकाश को तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गया। आरोप है कि टक्कर मारने के बाद चालक कुछ दूरी पर कार रोककर फरार हो गया। तीन दिन बाद बयान देने की हालत में आने पर आकाश ने 13 अक्टूबर को पुलिस को शिकायत दी। इसके आधार पर अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।आकाश के अनुसार, 10 अक्टूबर की सुबह करीब छह बजे वह राजीव गांधी स्टेडियम जा रहा था। घायल को पहले पीजीआईएमएस और बाद में पॉजिट्रोन अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

- विशाल नगर में सुबह दौड़ लगाते समय हादसा

एमडीयू में पूर्व छात्र डॉ. आनंद शर्मा बने प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के पूर्व छात्र एवं सेवानिवृत्त सहायक निदेशक युवा कल्याण डॉ. आनंद शर्मा का चयन चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस पद पर हुआ है। प्रतिष्ठित रंगकर्मी एवं लेखक डॉ. शर्मा को परफॉर्मिंग आर्ट्स के क्षेत्र में उनके अनुभव और विशेषज्ञता के आधार पर यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। शर्मा एमडीयू के हिंदी विभाग तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने हिंदी विषय में डी.लिट. की उपाधि भी प्राप्त की है। छात्र जीवन से ही सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे डॉ. शर्मा ने वर्षों तक रंगमंच के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। युवा कल्याण के क्षेत्र में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इनके चयन पर एमडीयू के निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी तथा निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति और स्वास्थ्य पर असर

रोहतक। मंगलवार को कृषि विभाग की ओर से फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत गांव इस्माइला-11बी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता शिविर लगाया गया। सांपला की एसडीएम अंकिता पुवार ने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है और मनुष्यों व पशुओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। किसानों को फसल अवशेष जलाने के बजाय उनका उचित प्रबंधन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि फसल अवशेषों को जमीन में मिलाने से जैविक कार्बन बढ़ता है और मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है। इससे जमीन में नमी बनाए रखने में भी मदद मिलती है। कार्यक्रम में खंड कृषि अधिकारी डॉ. नरेंद्र दहिया ने बताया कि पराली जलाने से जहरीली गैसें निकलती हैं। इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और मिट्टी के लाभदायक जीवाणु व पोषक तत्व नष्ट होते हैं। सरपंच मुकेश खत्री, पंचायत सदस्य, स्कूल स्टाफ, कृषि विभाग के तकनीकी सहायक सचिन कुमार व परवीन कुमार सहित 165 छात्राएं मौजूद रहीं।



बायोइन्फरमेटिक्स सेंटर में पार्टी

दीपांशु और पूनम बने मिस्टर व मिस फ्रेशर



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) सेंटर फॉर बायोइन्फरमेटिक्स में नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा एवं व्यक्तित्व का प्रदर्शन किया। सेंटर की निदेशिका प्रो. महक दांगी ने नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने तथा अपने लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करने के लिए प्रेरित किया। दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से विद्यार्थी अपने सपनों को साकार कर सकते हैं।कार्यक्रम में दीपांशु को मिस्टर फ्रेशर और पूनम को मिस फ्रेशर चुना गया। वहीं, हितेश ने मिस्टर पर्सनैलिटी और पारुल ने मिस पर्सनैलिटी का खिताब अपने नाम किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने गीत, संगीत और नृत्य समेत विविध गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में नवागंतुक छात्रों ने परिचय किए।

डर को स्वीकार कर सामना करने से मिलती है सफलता : मलिक



रोहतक। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक।

रोहतक। असफलता का डर, लोग क्या कहेंगे की चिंता और बदलाव की आशंका कई बार व्यक्ति को आगे बढ़ने से रोक देती है। इन आशंकाओं से बाहर निकलने के लिए सबसे पहले अपने डर को पहचानकर स्वीकार करना जरूरी है। इसके बाद उसका सामना करने और उसे चुनौती देने से सकारात्मक परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। यह बात मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने मंगलवार को भिवानी रोड स्थित एसबी मॉडल स्कूल में आयोजित सेमिनार में कही। हरियाणा राज्य बाल परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना बाल सलाह, परामर्श एवं कल्याण केंद्र के तहत आयोजित सेमिनार में किशोर विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए अनिल मलिक ने कहा कि कई बार डर व्यक्ति के मन में इस कदर बैठ जाता है कि वह सामान्य और व्यावहारिक विषयों पर भी खुलकर बात नहीं कर पाता। अकेले रह जाने का भय, असफलता की चिंता और दूसरों की प्रतिक्रिया का डर उसकी क्षमता और संभावनाओं को सीमित कर देता है। नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कहा कि डर केवल विचार प्रक्रिया से ही नहीं जुड़ा होता, बल्कि मस्तिष्क का सुरक्षा तंत्र, जीवन के अनुभव, मित्रों का समूह और सामाजिक वातावरण भी इसे प्रभावित करते हैं।

एमडीयू में स्थायी भर्ती, फीस वृद्धि पर रोक की मांग को लेकर छात्रों का धरना शुरू



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में खाली पड़े टीचिंग और नॉन-टीचिंग पदों पर स्थायी भर्ती, हर साल करीब 10 प्रतिशत फीस वृद्धि पर रोक और महिला सुरक्षा के लिए गार्डों की संख्या बढ़ाने की मांग को लेकर एसएफआई ने मंगलवार को विवेकानंद लाइब्रेरी चौक पर तीन दिवसीय धरना शुरू किया। संगठन ने मांगों को लेकर कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों को जागरूक करने का अभियान चलाने की भी घोषणा की। एसएफआई की एमडीयू इकाई के सचिव उज्ज्वल कुंडू ने कहा कि लगातार फीस बढ़ने से विद्यार्थियों और उनके परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, जबकि कई विभागों में स्थायी शिक्षकों के पद लंबे समय से खाली हैं। इससे पढ़ाई, शोध कार्य और शैक्षणिक माहौल प्रभावित हो रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय में सभी रिक्त पदों पर स्थायी भर्ती करने और फीस वृद्धि रोकने की मांग की। एसएफआई के जिला सचिव अमित पिलाना ने कहा कि इतिहास, संगीत, समाजशास्त्र, फॉरेंसिक साइंस, मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी और सांख्यिकी जैसे महत्वपूर्ण विभागों में शिक्षकों की कमी चिंता का विषय है। उन्होंने दावा किया कि कई विभागों में सर्टिफिकेट कोर्स भी बंद किए जा रहे हैं। फीस बढ़ने का सबसे अधिक असर गरीब और मेहनतकश परिवारों के विद्यार्थियों पर पड़ रहा है। डीन के **पहुंचने पर हुई बहस:** धरने के दौरान विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर्स रणदीप राणा पहुंचे। एसएफआई पदाधिकारियों के अनुसार, उन्होंने धरने को गैरकानूनी बताया और मांगों से दूरी बनाई। इस पर विद्यार्थियों ने सवाल उठाया कि स्थायी भर्ती, फीस वृद्धि पर रोक और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग गैरकानूनी कैसे हो सकती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

डीसी रेट लेकर मकानों की जमीन का मालिकाना हक देने की प्रक्रिया अटकी

पंचायती जमीन पर मालिकाना हक के 4777 मामले लंबित

ग्राम सभा के पास 460, बीडीपीओ स्तर पर 298 और डीडीपीओ के पास 75 मामले

- समाधान पोर्टल से आगे बढ़ेंगे आवेदन, पात्रता और दस्तावेजों की जांच के बाद मिलेगी अंतिम स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंचायती जमीन पर मकान बनाकर रह रहे लोगों को डीसी रेट लेकर मालिकाना हक देने की प्रक्रिया में जिले के 4777 मामले लंबित हैं। इनमें से 3944 मामले ग्राम सचिवों के स्तर पर अटके हुए हैं। यानी कुल लंबित मामलों में करीब 82.6 प्रतिशत प्रकरण इसी स्तर पर हैं। इसके अलावा 460 मामले ग्राम सभाओं, 298 बीडीपीओ और 75 मामले डीडीपीओ के स्तर पर लंबित हैं। इन मामलों में प्रक्रिया पूरी होने के बाद पात्र आवेदकों को संबंधित जमीन का मालिकाना हक दिए जाने का प्रावधान है। समाधान पोर्टल पर दर्ज मामलों की स्थिति के अनुसार सबसे अधिक प्रकरण ग्राम सचिव स्तर पर लंबित हैं। इसके बाद ग्राम सभाओं के पास मामले बकाया हैं। बीडीपीओ और डीडीपीओ स्तर पर भी आवेदनों का निपटारा होना बाकी है। इस तरह कुल 4777 मामलों में संबंधित स्तरों पर कार्रवाई पूरी होने का इंतजार है। योजना के तहत ग्राम पंचायत की शामलात जमीन पर निर्धारित शर्तों के अनुसार बने मकानों के नियमितीकरण और जमीन का मालिकाना हक देने की प्रक्रिया तय की गई है। सरकार के प्रावधानों के अनुसार 31 मार्च 2004 या उससे पहले पंचायत की शामलात भूमि पर बने 500 वर्ग गज तक के आवासीय मकानों के मामले इस प्रक्रिया के दायरे में आते हैं। पात्रता और दस्तावेजों की जांच के बाद जमीन के मूल्य का निर्धारण किया जाता है। आवेदन समाधान पोर्टल के माध्यम से आगे बढ़ाए जाते हैं। ग्राम सचिव स्तर पर मामला आगे बढ़ने के बाद ग्राम पंचायत और ग्राम सभा की प्रक्रिया पूरी होती है।

कहां कितने मामले लंबित

ग्राम सचिव	3944
ग्राम सभा	460
बीडीपीओ	298
डीडीपीओ	75
कुल	4777

ग्राम सचिव स्तर पर 3944 मामले

कुल 4777 लंबित मामलों में 3944 ग्राम सचिव, 460 ग्राम सभा, 298 बीडीपीओ और 75 डीडीपीओ स्तर पर अटके हैं। निपटारे के लिए ग्राम सचिव स्तर पर कार्रवाई तेज करना जरूरी है।

उपायुक्त से मिलेगी अंतिम मंजूरी

अधिनियम में संशोधन के बाद पात्र मामलों में अंतिम स्वीकृति उपायुक्त स्तर पर दी जाएगी। जमाबंदी, खसरा गिरदावरी, निशानदेही रिपोर्ट, मकान के फोटो और 31 मार्च 2004 से पहले कब्जे के प्रमाण सहित जरूरी दस्तावेज देने होंगे।



ई बस चार्जिंग स्टेशन की जांच के लिए कल इंदौर से आएगी टीम

न्यू बस स्टैंड पर 50 बसों के लिए बन रहा चार्जिंग स्टेशन 70 प्रतिशत काम पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की तैयारियों के तहत न्यू बस स्टैंड परिसर में बनाए जा रहे इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन की जांच के लिए वीरवार को इंदौर से तकनीकी टीम रोहतक पहुंचेगी। टीम निर्माण कार्य और जरूरी तकनीकी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेगी। इस स्टेशन पर एक साथ 50 इलेक्ट्रिक बसों को चार्ज करने की सुविधा विकसित की जा रही है। परियोजना का करीब 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और इसे वर्ष 2027 तक तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

खास बातों पर एक नजर

- मार्च 2026 में शुरू हुआ था 3.5 एकड़ में बनने वाले ई बस चार्जिंग स्टेशन का निर्माण।
- अगले साल की पहली तिमाही में 50 ई बसें आने की है उम्मीद
- मुख्यालय को भेजा जा चुका है 50 बसों का रूट प्लान
- रोडवेज यूनियन के सात कार्यालयों को हटाया जा चुका है, पुलिस चौकी पर अंतिम फैसला अभी बाकी।